Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में पटवारी 1 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *05 अगस्त।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की जालोर इकाई द्वारा आज गुरूवार को जोधपुर में कार्यवाही करते हुये सीमा शर्मा पटवारी पटवार मण्डल केरू, तहसील मण्डोर, जिला जोधपुर को परिवादी से 1 लाख रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जालोर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि माइन्स लीज के ट्रांसफर हेतु मौका रिपोर्ट तैयार करने की एवज में सीमा शर्मा पटवारी पटवार मण्डल केरू, तहसील मण्डोर, जिला जोधपुर 1 लाख रुपये रिश्वत के रूप में मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की जालोर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह राणावत** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री रूप सिंह** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये सीमा शर्मा पत्नी राजीव शर्मा निवासी मकान नं0 9, सैक्टर 12, हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर हाल पटवारी पटवार मण्डल केरू, तहसील मण्डोर, जिला जोधपुर को परिवादी से **1 लाख रुपये रिश्वत** लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।